# शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)
गढ़उमरिया, ओड़िशारोड, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001
ई–मेल–registrarsnpv@gmail.com, वेबसाईट- https://snpv.ac.in

क्रमांक 225 /अका./2026–27 रायगढ़, दिनाँक 28/07/2026

## // अधिसूचना //

छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर जिला–रायपुर के पत्र क्रमांक GENS-12/111/2026-SAMNVAY नवा रायपुर, दिनांक 11.06.2026 के द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026–27 का अकादमिक कैलेण्डर एवं पत्र क्रमांक GENS-11/4637/2026-SAMNVAY नवा रायपुर, दिनांक 05.06.2026 के द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका सिद्धांत 2026–27 के क्रियान्वयन के संबंध में प्रथम सेमेस्टर के समय–सारिणी अनुसार प्राचार्य स्तर पर दिनांक 31.07.2026 तक प्रवेश दिये जाने की तिथि निर्धारित की गई थी।

अतः माननीय कुलपति महोदय द्वारा समस्त संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को प्रथम सेमेस्टर में नियमानुसार सीट रिक्त होने की स्थिति में पात्र छात्र/छात्राओं को दिनांक 01.08.2026 से 14.08.2026 तक प्रवेश दिये जाने हेतु अधिकृत किया जाता है।

नोटः–01. प्रवेश की अंतिम तिथि पश्चात् प्रवेशित छात्र–छात्राओं की सूची माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन हेतु दिनांक 22.08.2026 तक विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित् करें।

02. नये विषय/पाठ्यक्रम के संदर्भ में ऑनलाईन इंटेक अपडेट करें।

03. प्रवेशित छात्र–छात्राओं का प्रवेश तत्काल लॉक करना अनिवार्य होगा।

आदेशानुसार

कुलसचिव

पृ. क्रमांक 226 /अका./2026–27 रायगढ़, दिनाँक 28/07/2026

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. अपर संचालक क्षेत्रीय कार्यालय, उच्च शिक्षा विभाग, बिलासपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ।
3. कुलसचिव के निज सहायक को कुलसचिव के सादर सूचनार्थ।
4. समस्त विभाग प्रमुख– शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़(छ.ग.) को सूचनार्थ।
5. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय–शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.) को सूचनार्थ।
6. संपादक/संवादाता दैनिक............................................................ समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि छात्र हित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
7. विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर अपलोड हेतु।
8. कार्यालय प्रति।

प्रभारी अधिकारी(अका.)